No. of Printed Pages : 3

ई.एच.डी.-2

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2018

11865

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-2 : हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *प्रथम प्रश्न **अनिवार्य** है । शेष प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

---

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं ***तीन*** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : *3×12=36*

(क) हेरी म्हा दरद दिवाणी म्हारां दरद न जाण्याँ कोय ।
घायल की गति घाइल जाणै, कितिणा घाण होय ।
जौहरी की गति जौहरी जाणै, क्या जाण्या जिण खोय ।
दरद की मार्‍यां दर-दर ढोल्यां बैद मिलणा ना कोय ।
मीरां री प्रभु पीर मिटांगा जब बैद सांवरिया होय ।

(ख) कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियात ।
भरे भौन में करत है, नैनन हीं सब बात ।।

(ग) बिछा कार्यों का गुरुतर भार
दिवस को दे सुवर्ण अवसान,
शून्य शय्या में श्रमित अपार,
जुड़ाती जब मैं आकुल प्राण;
न जाने मुझे स्वप्न में कौन
फिराता छाया-जग में मौन

(घ) परपीड़ा से पूर-पूर हो,
थक-थक कर औ चूर-चूर हो,
अमल-धवल गिरी के शिखरों पर
प्रियवर, तुम कब तक सोये थे ?
रोया यक्ष कि तुम रोये थे ?
कालिदास सच-सच बतलाना

(ङ) कृष्ण कहते हैं, युद्ध अनघ है, किंतु, मेरे
प्राण जलते हैं पल-पल परिताप से;
लगता मुझे है, क्यों मनुष्य बच पाता नहीं
दह्यमान इस पुराचीन अभिशाप से

2. 'पद्मावत' में प्रेम का स्वरूप स्पष्ट कीजिए । *16*

3. रीति-काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए । *16*

4. जयशंकर प्रसाद के काव्य की विशेषताएँ बताइए । *16*

5. नयी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों पर विचार कीजिए । *16*

6. 'कुरुक्षेत्र' की केन्द्रीय समस्या पर प्रकाश डालिए । *16*

7. आदिकालीन हिन्दी काव्य किन परिस्थितियों की उपज था, बताइए । *16*

8. भारतेन्दु हरिश्चंद्र के काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियाँ बताइए । *16*

9. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य के भाव पक्ष की विशेषताएँ बताइए । *16*

10. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : *2×8=16*

(क) तुलसीदास की भक्ति-भावना

(ख) अज्ञेय की काव्य-भाषा

(ग) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(घ) महादेवी वर्मा का गीतिकाव्य